**राज्यपाल सचिवालय**

**लोकभवन, राजस्थान**

**अमेरिका में आयोजित विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने पर राज्यपाल श्री बागडे ने बसंत कुमार मेघवाल को बधाई दी**

**जयपुर, 9 अगस्त । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 पुरुषों की हाई जंप चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने पर राजस्थान के बसंत कुमार मेघवाल को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि बसंत कुमार मेघवाल के खेल प्रदर्शन से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है।**

**श्री बागडे ने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने इन खिलाड़ियों पर गर्व है।**

----